नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने उत्तरप्रदेश सरकार के साथ स्टेट सपोर्ट एग्रीमेन्ट पर किए हस्ताक्षर

दिल्ली, 2 मार्च 2021: लखनऊ में आज नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और यूपी सरकार के बीच एक स्टेट सपोर्ट एग्रीमेन्ट पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर उत्तरप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, श्री राजेन्द्र कुमार तिवारी, मुख्य सचिव, उत्तरप्रदेश सरकार, श्री एस. पी. गोयल, अपर मुख्य सचिव, उत्तरप्रदेश सरकार, श्री अरूणवीर सिंह, सीईओ, एनआईएएल, श्री क्रिस्टोफ श्नैलमैन, सीईओ, एनआईए तथा मिस किरण जैन, सीओओ, एनआईए मौजूद थे। यह समझौता हवाई अड्डे के सरफेस एक्सेस में सुधार, हवाई अड्डे के संचालन के लिए आवश्यक उपयोगिताओं के विस्तार, कानूनों एवं नियमों के रखरखाव, हवाई अड्डे पर निगरानी तथा हवाई अड्डे के निर्माण एवं संचालन के लिए आवश्यक अनुमोदनों के अनुदान के लिए राज्य सरकार के सहयोग की पुष्टि करता है। यह समझौता नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तथा उत्तरप्रदेश एवं एनसीआर में आवश्यक विमानन के बुनियादी ढांचे के कार्यान्वयन की दिशा में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि है। यूपी सरकार इस परियोजना के निर्माण में निरंतर योगदान देकर वायआईएपीएल को विश्वस्तरीय हवाई अड्डे के निर्माण में सहयोग प्रदान कर रही है। यह साझेदारी उत्तरप्रदेश राज्य में प्रगति तथा भारतीय विमानन उद्योग के विकास को बढ़ावा देगी।

श्री अरूणवीर सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एनआईएएल ने कहा, *''नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ स्टेट सपोर्ट एग्रीमेन्ट उत्तप्रदेश में विश्वस्तरीय हवाई अड्डे के विकास की दिशा में एक कदम है। हम हवाई अड्डे के निर्माण का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं क्योंकि इससे राज्य में नौकरियों के अवसर उत्पन्न होंगे तथा आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। हमें विश्वास है कि एनआईए न केवल राज्य में बल्कि पूरे देश में डिजिटल, स्थायी एवं आधुनिक हवाई अड्डे के निर्माण की दिशा में बेंचमार्क की भूमिका निभाएगा।''*

श्री क्रिस्टोफ श्नैलमैन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने कहा, ''उत्तरप्रदेश सरकार के साथ इस समझौते पर हस्ताक्षर करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। यह परियोजना के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है तथा एनआईए एवं उत्तरप्रदेश सरकार के बीच मजबूत होती साझेदारी की पुष्टि करता है। एयरपोर्ट के लिए सरफेस एक्सेस बेहद महत्वपूर्ण है और हमें खुशी है कि सरकार इस पहलू के लिए प्रतिबद्धता दर्शाते हुए ग्रेटर नोएडा से एनआईए एयरपोर्ट टर्मिनल तक मेट्रो का जल्दी विस्तार कर रही है, एयरपोर्ट टर्मिनल स्टेशन को आगामी दिल्ली वाराणसी हाई स्पीड रेल लिंक के साथ जोड़ने का काम किया जा रहा है, साथ ही राजमार्ग को दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए भी काम जारी है। हम उत्तरप्रदेश में इस विश्वस्रतीय हवाई अड्डे के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं और उम्मीद करते हैं कि हम भारत के विमानन क्षेत्र की विकास में सक्रिय योगदान दे सकेंगे।''

एनआईए भारत का पहला नेट ज़ीरो एमिशन एयरपोर्ट बनने की दिशा में प्रयासरत है। हमें खुशी है कि यूपी सरकार अपनी यूपी सोलर एनर्जी पॉलिसी 2017 के तहत इस दिशा में सक्रियता से काम कर रही है। एनआईए हवाई अड्डे के लिए नवीकरणीय उर्जा के उत्पादन एवं उपयोग की योजना बना रहा है और नव्यकरणी उर्जा संबंधी उपकरणों की खरीद पर वैट/जीएसटी में छूट, क्रॉस–सब्सिडी शुल्क में छूट, व्हीलिंग/ संचरण शुल्क में छूट, स्थायित्व निवेश वित्तीय वाहनों को व्यवहारिक बनाने के लिए ओपन एक्सेस शुल्क में छूट आदि के लिए यूपी सरकार के साथ बातचीत कर रहा है।

दिल्ली–एनसीआर, नोएडा एवं पश्चिमी यूपी कैचमेन्ट क्षेत्र के लिए आगामी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट स्विस दक्षता एवं भारतीय आतिथ्य के संयोजन के साथ यात्रियों को यात्रा का सुगम अनुभव प्रदान करेगा। एनआईए यात्रियों को आधुनिक एवं सहज अनुभव प्रदान करने के लिए तत्पर है। यह बच्चों सहित परिवारों, बुजुर्ग यात्रियों, कारोबार की दृष्टि से यात्रा करने वालों को यात्रा का सुगम अनुभव प्रदान करेगा। एयरपोर्ट के डिज़ाइन में कई पैरामीटर्स शामिल हैं जैसे यात्रियों का छोटा एवं प्रभावी प्रवाह, डिजिटल एवं टेक–इनेबल्ड कस्टमर सर्विसेज़, पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव के लिए प्रतिबद्धता आदि। यह आधुनिक एवं मोड्युलर लॉजिस्टिक्स संरचना लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में बढ़ती मांग को पूरा करने में मददगार साबित होगी।

अक्टूबर माह में उत्तरप्रदेश सरकार ने 40 सालों की अवधि के लिए जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विकास हेतु ज़्युरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल के साथ कंसेशन एग्रीमेन्ट पर हस्ताक्षर किए। ज़्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल को मई 2020 जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विकास के लिए केन्द्रीय गृह मंत्रालय से अनुमोदन प्राप्त हुआ। दिसम्बर माह में ज्युरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल ने पैसेंजर टर्मिनल के डिज़ाइन के लिए आर्कीटेक्ट्स–नोर्डिक ग्रिमशॉ, हैप्टिक और एसटीयूपी के एक कंसोर्टियम का चुनाव किया, यह चुनाव जून से अगस्त 2020 के दौरान तीन चरणों की डिज़ाइन प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया।

हाल ही में, इंडिया रेटिंग्स एण्ड रीसर्च (Ind-Ra) ने यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट– प्राइवेट लिमिटेड (YIAPL) की प्रस्तावित आवधिक ऋण को ए– एवं स्थायी रेटिंग दी है। यह रेटिंग निर्माण के मध्यम जोखिम, दिल्ली एनसीआर में यातायात विकास की संभावनाओं, सेक्टर में स्थिर विनियमों, मजबूत वित्तीय प्रोफाइल तथा परियोजना की उचित ऋण संरचना एवं एयरपोर्ट सेक्टर में स्पॉन्सर ZAIA के दीर्घकालिक अनुभव को इंगित करती है।